प्रो0 एच0के0 पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/6600 दिनांकः 18 मार्च, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022–23 के विषम सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म भरे जाने, परीक्षा शुल्क जमा किये जाने तथा परीक्षा फार्म में भरे विषयों को सत्यापन किये जाने हेतु पुनः तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 6577 दिनांक 14 मार्च, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2022–23 के विषम सेमेस्टर के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमों (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों के द्वितीय चरण की परीक्षाओं हेतु ई0आर0पी0 के माध्यम से **दिनांक 16 मार्च, 2023 तक परीक्षा फार्म भरे** जाने, **परीक्षा शुल्क जमा** किये जाने तथा **परीक्षा फार्म में भरे विषयों का सत्यापन** किये जाने की सूचना दी गयी थी।

उपरोक्त के क्रम में कतिपय संस्थानों एवं छात्र / छात्राओं (विशेष रूप से कैरी ओवर विषयों हेतु) द्वारा किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुए उक्त परीक्षाओं के **परीक्षा फार्म भरे जाने, परीक्षा शुल्क जमा किये जाने तथा परीक्षा फार्म में भरे विषयों का सत्यापन किये जाने हेतु निर्धारित उपरोक्त अन्तिम तिथि को पुनः विस्तारित करते हुए दिनांक 21 मार्च, 2023 तक को सायः 5.00 तक ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए नियमानुसार / समयानुसार **परीक्षा फार्म, निर्धारित परीक्षा शुल्क तथा परीक्षा फार्म का सत्यापन** कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति, / कुलसचिव, / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर नियंत्रक, / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक